हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 10 मई 2024

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

जिलेभर के स्कूलों में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया 10



बांगर में बीते वर्ष से ज्यादा गेहूं की पैदावार 10



## खबर संक्षेप

### चाकू से हमला कर दो भाइयो को किया घायल

**जींद।** गांव सिंघपुरा में एक युवक ने चाकू से हमला कर दो भाइयों को घायल कर दिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने हमलावर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सिंघपुरा निवासी प्रीतम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दुकान पर सामान लेने जा रहा था। रास्ते में गांव के सुमित से कहासुनी हो गई।

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाले तीन लाख

**कैथल।** पुलिस ने उपभोक्ता का एटीएम कार्ड बदलकर तीन लाख 74 हजार 997 रुपये निकालने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव खनौदा निवासी भीम सिंह ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि चार मई को वह अपने बैंक खाते से रुपये निकलवाने के लिए एटीएम पर गया था। जब वह पैसे निकाल रहा था तो उसी समय दो लडके उसके पीछे आ गए।

### भूमि विवाद में व्यक्ति से मारपीट, तीन नामजद

**जींद।** गांव रामगढ़ ढाणी में जमीन विवाद के चलते छोट भाई के परिवार ने बडे.भाई पर हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामगढ़ ढाणी निवासी बारूराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका उसके छोटे भाई कश्मीर सिंह के साथ विवाद चला आ रहा है।

### रिश्तेदार बन साइबर ठगों ने 90 हजार रुपये उड़ाए

**कैथल।** टीक गांव के किसान का रिश्तेदार बताकर अज्ञात आरोपी ने व्यक्ति से 90 हजार रुपये खाते से ट्रांसफर करवा लिए। गांव टीक के गुरविंद्र ने साइबर थाना में शिकायत दी कि 18 अप्रैल को उसके फोन आया कि मैं तेरा रिश्तेदार राजेश बोल रहा हूं और कहा कि मैं अस्पताल में हूं। मेरी मां बिमार है। उस व्यक्ति ने कहा कि आपके खाते में 20 हजार रुपये भेजूंगा।

### कंबाइन धुलवा रहे युवक को कार सवारों ने पीटा

**जींद।** गांव बहादुरपुर के निकट सर्विस स्टेशन पर कंबाइन धुलवा रहे युवक पर कार सवार युवकों ने हमला कर घायल कर दिया और फोन को तोड़ डाला। आरोप है कि हमलावर युवक से 40 हजार की नकदी को भी छीन कर ले गए। सदर थाना सफीदों पुलिस ने घायल की शिकायत पर एक युवक को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### कस्सी मार पत्नी की हत्या का आरोपी भेजा जेल

**कैथल।** गर्दन पर कसी से वार कर पत्नी की हत्या करने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एसआई विजेंद्र सिंह की टीम ने आरोपी मानस रोड़ कैथल निवासी लखा राम को गिरफ्तार कर आरोपी का बुधवार को कोर्ट से 1 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया था। मानस रोड निवासी अमन की शिकायत अनुसार वह शहर में एक हेयर ड्रेसर की दुकान पर काम करता है।

### पेगां में बुजुर्ग को पीटा चार के खिलाफ केस

**जींद।** गांव पेगां में बुजुर्ग व्यक्ति पर हमला कर घायल करने पर अलेवा थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पेगां निवासी धूप सिंह (79) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी वेदपाल परिवार के साथ रंजिश चली आ रही है।

### मारपीट, जातिसूचक शब्द कहने का आरोप, केस दर्ज

**कैथल।** मारपीट और जातिसूचक शब्द कहने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। खेड़ी शेरखां निवासी अनिल ने राजौंद थाना में शिकायत दी कि 7 मई को रात करीब नौ बजे आरोपी अमित, सुमित व मंजीत ने उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी।

---

## अक्षय तृतीया: आज करें शादी तो साथ रखें आयु का प्रमाण पत्र

# जिले में आज रहेगी विवाह समारोह की धूम, सभी बैंक्वट हाल-धर्मशाला बुक

### शादियों पर रहेगी सरकारी अधिकारियों की नजर, टीमें अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अक्षय तृतीया (अखा तीज) के अवसर पर जिलाभर में शुक्रवार को विवाह समारोहों की धूम रहेगी और युवा भी खूब विवाह बंधन में बंधेंगे। ऐसे में अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह की आड़ में कुछ बाल विवाह भी हो सकते हैं। जिसके चलते अगर आज आपके घर या परिवार में किसी की शादी है तो शादी की रस्मों को अदा करने के साथ-साथ दुल्हा व दुल्हन की आयु का प्रमाण पत्र भी साथ रखना अनिवार्य होगा। जिला में शुक्रवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाली शादियों पर जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम की विशेष नजर रहेगी। लड़के की आयु 21 वर्ष से कम तथा लड़की की आयु 18 वर्ष की आयु से कम पाई जाती है तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके साथ-साथ अब बाल विवाह के केस में पोक्सो एक्ट का केस दर्ज करवाने का प्रावधान भी कर दिया गया है। अक्षया तृतीया शुक्रवार को है और ये वह दिन होता है, जिसमें शादी के लिए पंडित से मुहुर्त निकलवाने की जरूरत नहीं होती। शुक्रवार को जींद जिले में सैंकडों शादियां शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में हो रही हैं। इन शादियों को लेकर तमाम बैंक्वट हाल और धर्मशाला बुक हैं। ये बुकिंग-डे एंड नाइट की है। पार्कों तक में उन लोगों ने शादी के लिए टेंट लगा दिए हैं, जो बैंक्वट हाल या धर्मशाला की बुकिंग नहीं करवा पाए। एक-एक पार्क में टेंट लगाए गए हैं। गलियों में भी जगह मिली है तो वहां शादी के लिए टेंट लगाए गए हैं। फोटोग्राफर की बुकिंग पहले हो चुकी है। वह भी कई-कई बुकिंग उठा चुके हैं। टैक्सी वालों ने भी दिन के लिए अलग और रात के लिए अलग बुकिंग कर ली है। मनमाने रेट पर ये बुकिंग हुई हैं। इसी तरह हलवाई भी बेहद व्यस्त हैं। एक-एक हलवाई के पास कई-कई बुकिंग हैं। वहीं होटलों में डे एंड नाइट की बुकिंग शादी को लेकर हो चुकी है। तमाम बैंकेट हाल की यही हालत है। धर्मशाला तक खाली नहीं हैं।



**जींद।** अक्षय तृतीय पर्व को लेकर बाजार में बर्तन खरीदते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### ज्वैलर्स को आर्डर पूरे करने में निकल रहा पसीना

प्रदीप ज्वैलर्स के प्रदीप भोला ने बताया कि सोने के रेट बढ़ने के बावजूद शुक्रवार को अक्षय तृतीया को लेकर 'वैलर्स के पास अच्छे आर्डर आए हैं। आर्डर पूरे करने में 'वैलर्स जुटे हैं। यह मुहूर्त 'वैलर्स के लिए अच्छा रहेगा। लाखों के जेवरात मुहूर्त में बेचे जाएंगे। इसी तरह बत्तख चौंक के पास के फूल वाले दीपक का कहना है कि अक्षय तृतीय को लेकर गाड़ी सजाने के लिए एडवांस बुकिंग है। सुबह ही गाड़ियों को सजाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। फूल बेचने वालों से लेकर दुल्हे की कार सजाने वालों को सांस लेने की फुर्सत नहीं होगी। वहीं हलवाई जगदीश का कहना है कि अक्षय तृतीय पर्व को लेकर तीन-तीन जगह बुकिंग ली हुई है।

#### बाल विवाह रोकने के लिए विशेष टीमें गठित : रवि लोहान

सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान ने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। हालांकि जिले में बाल विवाह पिछले वर्षों के मुकाबले घट कर आधे से भी कम रह गए हैं जोकि लोगों की जागरूकता के कारण ही संभव हुआ है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिले के सामुदायिक केंद्र, वेंकेट हॉल, मैरिज पैलेस, प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को भी आगाह किया है कि वह अपने अपने कायार्ें के साथ-साथ विवाह में लड़का-लड़की के जन्म से संबंधित कागजात मंगवा कर देखें ताकि पता लग सके कि दोनों बालिग हैं या नहीं। बाल विवाह से संबंधित सूचना तुरंत महिला हैल्पलाइन नंबर 1091, 100 नंबर या 9100310031 पर दें।

#### पुजारी, सरपंच, आंगनबाड़ी वर्कर्स, नंबरदार करें सहयोग : रवि

सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान ने कहा कि 10 मई को अक्षय तृतीय (अक्खा तीज) पर्व के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए मंदिर के पुजारी, गांव के पंच, सरपंच, आंगनबाड़ी वर्कर्स और नंबरदार तथा शहर के नगर पार्षदों से अपील की है कि वह अपने-अपने गांव और क्षेत्रों में इस दिन आयोजित होने वाले विवाह समारोह के दौरान लड़का-लड़की के बालिग होने की जांच करें ताकि जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर रोक लग पाए।

**जागरूक हो रहे लोग:** जिला में बाल विवाह को लेकर लगातार लोग सजग हो रहे हैं। हालांकि अभी भी बाल विवाह के मामले सामने आ रहे हैं। जिन्हें रूकवाया भी जा रहा है। वर्ष 2022-23 की बात की जाए तो बाल विवाह के 23 मामले सामने आए थे। इसके बाद वर्ष 2023-24 में 12 मामले सामने आए थे। वर्ष 2024-25 वित्त वर्ष में महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय की टीम ने एक बाल विवाह को रूकवाया है।

---



**कलायत।** निरीक्षण करते सीएम फ्लाइंग प्रभारी डीएसपी रवींद्र शर्मा। फोटो :हरिभूमि

## जनसंवाद पोर्टल पर मिली सभी शिकायतें मिली पेंडिंग

■ मुख्यमंत्री उड़दस्ता टीम ने बीडीपीओ कार्यालय में दी अचानक दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में बृहस्पतिवार को गुप्त सूचना पर सीएम उड़नदस्ता ने दस्तक दी। टीम का नेतृत्व उड़नदस्ता प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक रवींद्र शर्मा ने किया। बीडीपीओ तरुण सुथार की मौजूदगी में रिकार्ड खंगाला गया। रवींद्र शर्मा ने बताया कि जांच में सीएम विंडो पोर्टल पर कुल 24 शिकायत प्राप्त मिली। जिसमें से अंडर टेक 24, एटीआर सेंट 8, ओवर ड्यू 14 और 14 पेंडिंग पाई । प्रधानमंत्री आवास योजना के अंर्तगत 180 लाभार्थियों के इस योजना का लाभ देने के लिए चयनित किया गया। 180 लाभार्थियों को प्रथम इंस्टालमेंट व 162 को द्वितीय इंस्टालमेंट जारी की है। तीसरी इंस्टालमेंट केवल 101 को जारी मिली। इंस्टालमेंट में देरी का कारण विभाग द्वारा लाभार्थियों के द्वारा फाइल कार्यालय मे जमा न करवाना बताया गया। जन संवाद पोर्टल पर दिनांक 01 जनवरी से 9 मई 2024 तक कुल 18 शिकायत प्राप्त हुई जो सभी पैंडिग मिली।

#### रिपोर्ट मुख्यालय को प्रेषित

डीएसपी रवींद्र शर्मा ने बताया की इस खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय की शिकायतें लगातार मिल रही थी। इसके आधार पर औचक निरीक्षण की कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान हाजिरी रजिस्टर के अनुसार सभी कर्मचारी हाजिर मिले। पूरी कार्यवाही रिपोर्ट को मुख्यालय पर प्रेषित किया जाता है। औचक निरीक्षण में सब इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह, एएसआई कर्मबीर सिंह व रणधीर सिंह भी मौजूद रहे।

#### अधिकारियों की बढ़ेगी मुश्किलें

कार्यालय के अधीन मनरेगा मजदूरों, तालाबों के कायाकल्प, विभिन्न विकास कार्यों, सफाई व अन्य विषयों को लेकर निरंतर मुद्दे उठते रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा गंभीर विषय मनरेगा मजदूरों को नियम अनुसार काम न मिलने का रहा है। हाल ही में भी मजदूरों ने काम देने के नाम पर भेदभाव के आरोप विभागीय कर्मियों पर लगाए हैं। मजदूर संगठन इसकी शिकायत भारत चुनाव आयोग और प्रशासन को करने की तैयारी में हैं।

---

## मटौर रोड पर तीन वाहनों का बिगड़ा संतुलन, मोटरसाइकिल चालक जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के मटौर रोड पर बृहस्पतिवार को एक से दूसरे और तीसरे वाहनों की क्रमवार टक्कर हो गई। इसमें एक मोटर साइकिल सवार युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। जबकि अलग-अलग वाहनों में सवार कई लोग बाल-बाल बच गए। ट्रैक्टर-ट्राली दुर्घटना बचाव के प्रयास में खाई में उतर गई। तीसरा वाहन पलटने से बच गया और मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हुआ। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामनिवास के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों ने बताया कि देखते ही देखते मटौर से कलायत की तरफ आ रहे अचानक तीन वाहनों का संतुलन बिगड़ गया। तीनों वाहन चालक संतुलन को न संभालते तो कई जानें जा सकती थी। वाहनों की टक्कर में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बड़ी संख्या में मौका स्थल से गुजर रहे यात्रियों ने पुलिस की मदद की। पुलिस जांच अधिकारी ने बताया कि घटना में मोटर साइकिल सवार जख्मी युवक को तत्काल प्रभाव से अस्पताल भेजा गया। जबकि क्षति ग्रस्त वाहनों को मौके से हटाते हुए आवाजाही सुचारू करवाई गई। फिलहाल हादसे की ठोस वजह का पता नहीं चल पाया है।



**कलायत।** हादसे में मदद को आगे आए लोग और पुलिस कर्मी।

### आज वकील से दुर्व्यवहार के विरोध में वर्क सस्पेंड

**कैथल।** लेबर कोर्ट के एक कर्मचारी द्वारा एक वकील के साथ दुर्व्यवहार करने के विरोध में 10 मई को कैथल की अदालतों में कामकाज ठप रहेगा। जिला बार एसोसिएशन की बैठक प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यकारिणी द्वारा विचार करने के बाद 10 मई को वर्क सस्पेंड रखने का फैसला लिया है। मलिक ने बताया कि लेबर कोर्ट के रीडर जंगीर सिंह ने सीनियर एडवोकेट मनोज आनंद के साथ बदसलूकी की है। वकील ने रीडर से सिर्फ इतना पूछा था कि लेबर कमीश्नर कब आते हैं। रीडर इस बात पर आग बबूला हो गया और बोला कि जा, जो तुझसे बनता हे करले। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं सरकारी कर्मचारियों द्वारा कई बार हो चुकी हैं। वे इस प्रकार की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## प्लाट की सौदेबाजी कर एक करोड़ 23 लाख रुपये हड़पे, तीन पर मामला दर्ज

■ जमीन दिखा, खुद को मालिक बता जमीन का सौदा करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

फर्जी दस्तावेजों पर जमीन की सौदेबाजी कर एक करोड़ 23 लाख रुपये हडपने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एकता नगर निवासी सतीश तथा गांव लुदाना निवासी रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने सात दिसंबर 2022 को मनीमाजरा निवासी जीवनप्रीत से माल रोड करनाल में 12 करोड़ रुपये में प्लाट खरीदा था। एक करोड़ 20 लाख राशि का भुगतान दो चैकों से किया गया था। प्लाट के कुछ हिस्से की रजिस्टरी के लिए 30 जनवरी 2023 को जबकि दूसरे हिस्से की रजिस्टरी 30 नवंबर 2023 को निर्धारित की गई थी। जिसको लेकर जीवनप्रीत से संपर्क किया गया तो वह रजिस्टरी के लिए समय देता रहा। ब्याने के दौरान खानपुर युमनानगर निवासी सुभाष गवाह बना। उसको भी रजिस्टरी के लिए बोला। उसने सौदा हुई जमीन को छोड़ जगाधरी में उसकी जमीन का सौदा करने की बात कही। आरोपित ने जगाधरी में जमीन दिखा खुद का मालिक बताया। जिसपर सुभाष ने एक करोड़ 30 लाख रुपये ब्याना देकर जमीन का सौदा कर लिया। बाद में पता चला की सुभाष के नाम कोई जमीन नही है। फर्जी जमीन दिखाकर, राशि को हडपा गया। शुरू में आरोपित राशि लौटाने की बात कहता रहा। बाद में आरोपितों ने राशि देने से मना कर दिया।

---

## व्यक्ति की हत्या के दो आरोपितों को भेजा जेल

■ महिला से अश्लील हरकत करने से खफा हो व्यक्ति की हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उचाना थाना पुलिस ने गांव घोघडिया में महिला से छेड़छाड़ से खफा होकर रिश्तेदारी में आए व्यक्ति की हत्या कर शव को खुर्द बुर्द करने के दोनो आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने दोनों को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया है। मृतक के जीजा गांव घोघड़िया निवासी गीन्नू ने आठ मई को पुलिस को दी शिकायत मे बताया था। उसका रिश्ते का साला गांव भामरसीजर जिला फतेहगढ साहिब पंजाब निवासी तेजपाल 38 उनके पास गांव घोघडिया मे पिछले दो माह से रह रहा था। गत सात मई शाम को उसके साले तेजपाल का सुभाष की पत्नी से अश्‍ को लेकर सुभाष से झगडा गया था। देर रात को सुभाष तथा सन्नी ने तेजपाल के साथ पहले मारपीट की। फिर उसके गले मे पगडी बाध कर घसीटते हुए खेत मे ले गए। तेजपाल की हत्या करने के बाद शव का नाली मे डाल कर फरार हो गए।

## नगूरां में दूषित पानी पी रहे लोग

■ महिलाओं ने जिला प्रशासन के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

गांव नगूरां में करीब 10 दिनों से जलापूर्ति विभाग द्वारा नगूरां बस स्टैंड के साथ लगती कालोनी में पीने के पानी के नाम पर गंदे पानी की सप्लाई की जा रही है। जिसके विरोध स्वरूप वीरवार को कालोनी की महिलाओं ने जलापूर्ति विभाग तथा जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया है। गांव की महिलाओं का कहना है कि अगर उनकी समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो गांव के लोग सड़क जाम करने पर मजबूर होगें। गांव की महिलाओं का कहना है कि करीब 10 दिनों से नगूरां बस स्टैंड के साथ लगती कालोनी के लोग पीने के पानी के नाम पर गंदगी युक्त पानी पी रहे हैं लेकिन जिला प्रशासन तथा जलापूर्ति विभाग के अधिकारी इस तरफ किसी प्रकार का ध्यान नही दे रहे हैं। लोग जानवरों की तरह गंदा पानी पीने को मजबूर है। गांव नगूरां निवासी महिला मूर्ति, हरदेई, बिमला, सुदेश, पिं्रयका, मुन्नी आदि ने बताया कि जलापूर्ति विभाग द्वारा करीब 10 दिनों से कालोनी में पीने के पानी के नाम पर गंदगी परोसी जा रही है। मामले को लेकर पंचायत तथा संबधित विभाग के अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है, लेकिन उनके पीने के पानी की समस्या का समाधान नही हुआ। जिसको लेकर लोगों में प्रशासन के उच्चाधिकारियों के प्रति रोष है। महिलाओं का कहना है कि गंदा पानी सप्लाई करने के चलते शरीर पर बच्चों को एलर्जी जैसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

#### मामला संज्ञान में नहीं

जलापूर्ति विभाग के जेई रोहित ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसी बात है तो तुरंत प्रभाव से कर्मचारियों को भेजकर कहीं लिकेज आदि से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है तो उसको बंद किया जाएगा। लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।



**गुहला चीका।** बैंक के बाहर प्रदर्शन करते भाकियू नेता। फोटो :हरिभूमि

### अनापत्ति प्रमाण पत्र ना देने पर बैंक के बाहर दिया धरना

**गुहला-चीका।** यहां एक प्राइवेट बैंक एक्सिस व उसके एक पुराने उपभोक्ता का का मामला भारतीय किसान यूनियन की स्थानीय इकाई में क्या पहुंचा कि बैंक के अधिकारियों में हडकंप मच गया और बैंक ने आनन फानन में उक्त मामले को हल कर दिया। मालूम रहे कि एक किसान महिला द्वारा उक्त बैंक की कृषि स्कीम के तहत लगभग 8 लाख रुपयों की लिमिट बनवाई थी और अब उक्त महिला अपनी लिमिट को किसी कारणवश आगे नहीं चलाना चाहती थी जिसके चलते उसने बैंक से अनापत्ति सर्टिफिकेट मांगा परंतु बैंक ने यह कहकर एनओसी देने से मना कर दिया कि उसे इसके लिए अतिरिक्त रूप से चार्ज देना होगा। इस बीच धरने के दौरान उक्त किसान महिला के एक परिजन हरजिंद्र सिंह ने बताया कि जब उसने एनओसी के लिए बैंक के बार चक्कर लगाए तो उसे यह कहते हुए अतिरिक्त राशि की मांग की गई कि फोर क्लोजर के लिए उसे कुल लिमिट का 4 प्रतिशत राशि भरनी होगी तो ही उसे एन.ओ.सी.मिलेगी।

---

**सुविधा** | एचकेआरएन के तहत लगे शिक्षकों को हर महीने वेतन नही मिलता

जिले में 6891 शिक्षकों के पद स्वीकृत, जिसमें से 325 शिक्षक एचकेआरएन के तहत लगे

## एचकेआरएन के तहत लगे अध्यापकों के लिए नौ करोड़ रुपये का बजट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौलिक शिक्षा हरियाणा के निदेशक द्वारा एचकेआरएन के तहत जींद में लगे अध्यापकों के लिए नौ करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। जिसमें जींद जिले के लगभग 325 शिक्षक शामिल हैं। जिले में 724 राजकीय स्कूल हैं, जिसमें एक लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिलेभर में शिक्षकों के 6891 शिक्षकों के पद स्वीकृत हैं। जिसमें से 325 शिक्षक एचकेआरएन के तहत लगे हुए हैं। एचकेआरएन के तहत लगे शिक्षकों को हर महीने वेतन नहीं मिलता है। इनके लिए लगभग छह महीने बाद बजट जारी होता है। ऐसे में एचकेआरएन के तहत लगे शिक्षकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दैनिक जीवन में प्रयोग आने वाली चीजों को खरीदने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। पिछले दिनों मौलिक शिक्षा हरियाणा ने प्रदेश के सभी अधिकारियों से डाटा मांगा था कि किस जिले में एचकेआरएन के तहत कितने शिक्षक हैं और उनका कितने समय का वेतन बकाया है। शिक्षकों ने वेतन बकाया की जानकारी अधिकारियों को सौंपी थी। जिसके बाद जिला अधिकारियों ने मौलिक शिक्षा हरियाणा के पास डाटा भेजा था। अब निदेशक द्वारा एचकेआरएन के तहत लगे शिक्षकों के लिए बजट जारी किया गया है।

#### शिक्षकों के लिए बजट जारी : वर्मा

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि जिले में लगभग 325 शिक्षक एचकेआरएन के तहत कार्यरत है। जिले के एचकेआरएन के तहत लगे शिक्षकों के लिए बजट जारी हो चुका है। यह राशि नौ करोड़ रुपये है।

#### समय पर जारी किया जाए बजट

अध्यापक संघ के जिला प्रधान साधुराम ने बताया कि एचकेआरएन के तहत लगे शिक्षकों का वेतन काफी कम है और वह भी विभाग द्वारा समय पर नहीं दिया जाता। हर महीने की जगह छह-छह महीने में बजट जारी होता है। संघ मांग करता है कि एचकेआरएन के तहत लगे शिक्षकों के लिए समय पर बजट जारी होता रहे।

## लाइसेंसधारी जल्द से जल्द जमा करवाएं अपने हथियार: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जिले के लोगों की सुरक्षा के लिए धारा 144 के तहत निर्देश जारी किए हैं। जिनकी पालन करवाने के लिए जिला पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि चुनाव आचार संहिता के दौरान चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से करवाने के लिए जिले में धारा 144 लागू की गई है ताकि आम जनता भयमुक्त होकर वोट डाल सके। धारा 144 के दौरान कोई भी व्यक्ति अपने साथ किसी भी प्रकार का हथियार नहीं रख सकता है और यह आदेश लोकसभा चुनाव खत्म होने तक जारी रहेगा। सभी असला लाइसेंस धारकों को निर्देश दिए जाते हैं कि जिले के सभी लाइसेंसी हथियार धारक संबंधित थाने में हथियार जमा करवा दें। उन्होंने बताया यदि जिले में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के हथियार के साथ पाया जाता है तो उस व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में जाएगी। जिले में कोई भी व्यक्ति आग्नेयास्त्र, भाला, चाकू, लाठी, साइकिल की चेन और हथियार के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली कोई भी वस्तु नहीं रख सकता है।

## खबर संक्षेप

### पानी विवाद में व्यक्ति को पीटा, तीन नामजद

**जींद।** गांव हथो में पंचायती नल पर पानी भरने के दौरान तीन लोगों ने हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हथो निवासी अजमेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पंचायती नल पर पानी भरने गया हुआ था।

### दुकान का टूटा ताला, सवा लाख का सामान चोरी

**जींद।** शहर में बीती रात चोरों ने इलेक्ट्रोनिक्स दुकान का ताला तोड़ कर लाखों रुपये कीमत के उपकरण तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कृष्णा कालोनी निवासी रामफल ने बताया कि उसकी इलेक्ट्रोनिक्स की दुकान है। बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर 16 पंखे, इन्वर्टर, बैटरी, केबल बंडल, नगदी समेत लगभग सवा लाख रुपये कीमत का अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### दीवार तोड़ बैटरियां ले गए चोर, मामला दर्ज

**जींद।** गांव बुढाखेड़ा में बीती रात चोरों ने इलेक्ट्रोनिक्स दुकान की दीवार तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बुढ़ाखेड़ा निवासी गुलशन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव में इलेक्ट्रोनिक्स की दुकान खेली हुई है।

### युवती लापता, अपहरण का मुकदमा दर्ज

जींद। गांव कंडेला से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कंडेला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी रात को घर से गायब हो गई। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि गांव चिड़ी निवासी विकास ने उसकी बेटी का अपहरण किया है।

### दुकान का ताला तोड़कर नकदी निकाल चोर फुर्र

**जींद।** गांव खेड़ी तलोडा पावर हाउस के निकट बीती रात चोरों ने कन्फैक्शनरी की दुकान का ताला तोड़ कर खाने- पीने के सामान, बैटरी तथा नगदी को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अमरावली खेड़ा निवासी श्रीकांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेड़ी तलोडा पावर हाउस के निकट कन्फैक्शनरी की दुकान खोली हुई है।

### बड़ा बल है दूसरों का दुख दूर करने में : अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान राम निवास अहिरका ने कहा कि एक बार भगवान कृष्ण ने एक ब्राह्मण को भीख मांगते देख उसे सोने की मुहरों से भरा हुआ एक थैला दिया। रास्ते में एक चोर ने उसे लूट लिया। वह ब्राह्मण फिर भीख मांगने लगा। भगवान कृष्ण ने उसे इतना धन देने के बाद भी भीख मांगने का कारण पूछा।

### मतदान समाप्ति तक ओपिनियन पोल नहीं

**जींद ।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार चुनाव की मतदान प्रक्रिया की समाप्ति के 48 घंटे पहले यानि 23 मई को सायं.6 बजे से ओपिनियन पोल के परिणाम के प्रकाशन व प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया सहित किसी भी मीडिया माध्यम से ओपिनियन पोल नहीं किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने आयोग के निर्देशों का पालन करने के आदेश दिए।

### प्राधिकृत मीडियाकर्मी कर सकते हैं वाहन का प्रयोग

**जींद ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने मतदान के दिन चलने वाले मीडिया कर्मियों के वाहनों के बारे में बताया है कि प्राधिकृत पत्र प्राप्त मीडियाकर्मियों के वाहन मतदान के दौरान चलाए जा सकते हैं।

---

### बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया

# जिलेभर के स्कूलों में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया

**कार्यक्रम में माताओं के लिए भी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जिसमें सभी ने बढ़चढ़ कर भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलाभर में वीरवार को मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। वीरवार को आधारशिला विद्यालय में मातृदिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों ने अभिभावकों सहित भाग लिया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। नृत्य, कविता, संवाद आदि के माध्यम से सभी को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में माताओं के लिए भी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान निदेशिका अंजू सिहाग ने इस दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मां ईश्वर का प्रतिरूप है। हर दिन मातृ दिवस हैं। एक मां प्रतिपल बच्चे में संपादित होती है। उन्होंने सभी बच्चों को आशीर्वाद देकर उनकी लंबी आयु की कामना की।



जींद। आधारशिला स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि


जींद। डीएवी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते माताएं। फोटो :हरिभूमि

#### डीएन माडॅल स्कूल में मातृ दिवस मनाया

डीएन माडॅल स्कूल में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माताओं ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्र'वलित करके की। मुख्यअतिथि लाजवंती डाहौला ने सभी माताओं और अन्य अभिभावकों को संबोधित करते हुए उनका स्वागत किया। विद्यालय की प्राचार्या राज रेढू ने मातृत्व की भावना का बखान किया। कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के बच्चों ने कविता, भाषण, गीत एवं नृत्य के द्वारा अपनी-अपनी मां के प्रति स्नेह प्रकट किया। कक्षा छठी से कक्षा नौवी तक के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी मां के लिए रंग बिरंगे आकर्षक कार्ड बनाए और उन्हें विभिन्न तरीको से सजाया। कार्यक्रम में माताओं के लिए अनेक प्रकार की गतिविधियां जैसे रैंप वॉक, डांस, म्यूजिकल चेयर आदि आयोजित की गई। जिसमें माताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। विजयी माताओं को मुख्यअतिथि लाजवंती डाहौला व प्राचार्या राज रेढू ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्राचार्या राज रेढू ने सभी अभिभावकों को आश्वासन दिया कि बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

#### मोतीलाल स्कूल में बच्चों ने मनाया मातृ दिवस

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में शुक्रवार को मातृ दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र कुमार, प्रशासक वीपी शर्मा, हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे मुन्ने बच्चों के डांस से की गई। जिन्होंने अपनी माताओं के लिए प्यारे-प्यारे गीतों पर डांस किया। पहली से पांचवी कक्षा तक के बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की माताओं ने गीत नृत्य और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों की माताओं के लिए कई मनोरंजक खेल भी रखे गए। विजेता माता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को वीडियो दिखाया गया। जिसमें उनकी माता के द्वारा बच्चों के लिए अपनी इच्छाएं व विशेष संदेश दिया गया था। मातृ दिवस के इस खास अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि मां जीवन भर जो कुछ भी अपने बच्चों के लिए करती है, बच्चे चाह कर भी उस कर्ज को नहीं उतार सकते हैं। बच्चों के जन्म के बाद एक मां ना जाने कितनी रातें जाग कर बिताती हैं।






#### डीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया मातृ दिवस

डीएवी पब्लिक स्कूल के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी के दिशा निर्देशन से विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि विद्यार्थी द्वारा मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों के विकास में तीव्रता आती है व बच्चे अपने माता-पिता का सम्मान करना सीख जाते हैं। आज के समय में जहां एक ओर संस्कार समाप्ति की ओर जा रहे हैं वहां हमारा प्रथम कर्तव्य बनता है कि हम इन संस्कारों को बच्चों के मन में उतारने का प्रयास करें। इसी विचार को जमीनी धरातल पर उतारने के लिए मातृ दिवस के अवसर पर कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हें मुन्ने बच्चों को उनके माता-पिता के साथ डीएवी पब्लिक स्कूल जींद के प्रांगण में आमंत्रित किया गया। मातृ दिवस के साथ-साथ लाल रंग पहचान दिवस भी मनाया गया। इसलिए सभी माताओं व बच्चों को लाल रंग के परिधानों में बुलाया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 बच्चों व उनकी माताओं ने भाग लिया।

---

# बांगर में बीते वर्ष से ज्यादा गेहूं की पैदावार

- 48 हजार क्विंटल की अधिक गेहूं की खरीद,अभी 14 %उठान बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

इस बार बांगर में गेहूं की बंपर पैदावार हुई। बीते साल की अपेक्षा उचाना में गेहूं की आवक अधिक हुई। उचाना मंडी, छात्तर सब यार्ड एवं परचेज सेंटरों पर खाद्य आपूर्ति विभाग, हैफेड, वेयर हाऊस ने 943004 क्विंटल गेहूं की खरीद की। बीते साल 894146 क्विंटल गेहूं की खरीद की थी। इस साल अब तक 48858 क्विंटल गेहूं की खरीद अधिक हुई है। अब तक खरीदी गई 943004 क्विंटल गेहूं में से 806335 क्विंटल गेहूं का उठान हो चुका है। 14 प्रतिशत उठान बाकी है।


उचाना। मंडी में आई गेहूं। फोटो :हरिभूमि

बुधवार को 76 हजार से अधिक गेहूं के बैगों का उठान हुआ। सबसे अधिक उचाना मंडी में डीएफएससी का 38 हजार, हैफेड के 20 हजार बैगों का उठान हुआ। 13563 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए गेट पास कटवाए। सबसे अधिक उचाना मंडी में 9212, छात्तर सब यार्ड में 1993, परचेज सेंटर घोघड़िया में 1352, काब्रच्छा में 873, धनखड़ी में 131 किसानों ने गेट पास कटवाए। बुधवार को उचाना मंडी में 27, काब्रच्छा में 20 किसानों ने गेट पास गेहूं बेचने के लिए कटवाए। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया ने कहा कि इस बार बीते साल की अपेक्षा गेहूं की खरीद हुई है। किसानों, आढ़तियों को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी गई।

### सुलेख प्रतियोगिता में दीपिका प्रथम, खुशी ने पाया दूसरा स्थान

**अलेवा।** नगूरां गांव के गीता निकेतन पब्लिक स्कूल में तीसरी कक्षा से 12वीं कक्षा तक के बच्चों के बीच सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या सरोज रानी ने की तथा मुख्य रूप से प्रबंधक समिति सदस्य देवेंद्र दलाल ने भाग लिया। प्रतियोगिता में तीसरी से पांचवी कक्षा तक प्रिंस, नैंसी तथा निधि ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि छटी से आठवीं तक दीपिका, खुशी तथा निशु ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 9वीं से 12वीं तक रूकसार काफी तथा खुशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विजेता बच्चों को प्राचार्या तथा प्रबंधक समिति सदस्यों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि बच्चों को चाहिए कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ चढकर भाग लें ताकि बच्चों का मनोबल उच्च स्तर पर पहुंच सके। प्रतियोगिताओं के चलते बच्चों में मुकाबले की भावना पनपती और आगे चलकर यही भावना उनके करियर में लाभदायक सिद्ध होती है।

# शामलो कलां के बच्चों ने लिखा अपनी मां को पत्र

- पत्र में बच्चों ने मन के भावों, विचारों तथा अपनी श्रद्धा को प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना खंड के राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला शामलो कलां मे वीरवार को बच्चों ने मातृ दिवस के उपलक्ष में अपनी प्यारी मां को पत्र व ग्रीटिंग कार्ड से अपना प्यार व्यक्त किया है ।ये कार्यक्रम निपुण हरियाणा के तहत भाषा लेखन कौशल विकास हेतु कक्षा तीसरी से पांचवीं कक्षा के बच्चों को करना है। विद्यालय के मुख्य शिक्षक सुदेश सहरावत ने बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर भाषा विकास हेतु अनेक कार्यक्रम करवाने का काम किया जाता हैं। मातृ दिवस के अवसर पर बच्चों को अपनी मां, मम्मी, दादी, नानी आदि को यह पत्र लेखन का कार्य करना था। सहरावत ने बताया कि इस पत्र में बच्चों को अपने मन के भावों, विचारों तथा अपनी श्रद्धा को प्रकट करते हुए अपनी मां के बारे मे उनके कार्योंं, उनकी अच्छाइयां, उनके द्वारा दिए जाने वाले प्यार-दुलार, पालन पोषण में किए जाने वाले प्रयास, उनकी पढ़ाई लिखाई में होने वाली सहायता, भोजन, भ्रमण, अच्छी आदतों के बारे में संस्कार आदि अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से उल्लेख करते हुए अपना आभार प्रकट करना है। 12 मई को मातृ दिवस के दिन सभी बच्चे अपने लिखे हुए पत्र को अपनी मां को देंगे। पत्र पढ़कर मां अपनी टिप्पणी दर्ज करेगी।


जुलाना। कार्यक्रम में भाग लेते छात्र। फोटो :हरिभूमि

---


जींद। एनसीसी कैडेट्स से बातचीत करते वीसी डा. रणपाल। फोटो :हरिभूमि

### देश को विश्वगुरु बनाने में एनसीसी का रहेगा अहम योगदान

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में विवि की एनसीसी यूनिट ने कुलपति डा. रणपाल सिंह से मुलाकात कर उन्हें कर्नल पद की उपाधि मिलने की शुभकामनाएं दी। कुलपति ने यूनिट को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी भारत का भविष्य हैं और भारत को विश्वगुरु बनाने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। आप सभी विश्वविद्यालय की एनसीसी यूनिट का हिस्सा हैं, जहां आप को सैन्य ज्ञान के बारे जानकारी मिलती है। जिससे आप भविष्य में अच्छे ऑफिसर और सैनिक के रूप में राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ-साथ देश की रक्षा में अहम योगदान देंगे। एनसीसी में काम करने का लक्ष्य एकता और अनुशासन है जो सबके लिए हर क्षेत्र में जरूरी होता है। एनसीसी कैडेट्स ने कहा कि यह पूरे हरियाणा के लिए गर्व की बात है कि हमारे विश्वविद्यालय के कुलपति को कर्नल की उपाधि से नवाजा गया है और पूरे भारत में सिर्फ 19 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को इस उपाधि से सम्मानित किया गया है और हरियाणा में सिर्फ हमारे विश्वविद्यालय के कुलपति को कर्नल की उपाधि से सम्मानित किया गया है। इस संदर्भ में विश्वविद्यालय परिवार व एनसीसी ईकाई मिलकर 14 मई को सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

# विवि के दस छात्रों ने किए शोध पत्र प्रस्तुत

- औद्योगिक विकास में क्षेत्रीय असमानताएं विषय पर तन्नु ने शोध पत्र प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में पांच मई को सतत विकास के लिए अनुसंधान और नवाचार पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में चौधरी रणबीर सिंह विवि के भूगोल विभाग के सहायक प्रो.मंजीत सिंह भारत के अवलोकन में 10 छात्रों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। जिसमें से हरियाणा के औद्योगिक विकास में क्षेत्रीय असमानताएं विषय पर तन्नु ने शोध पत्र प्रस्तुत किया। तरसेम और विकास ने सरस क्रेन का संरक्षण, मांडोथी वेटलैंड का एक केस स्टडी विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। रिंकू ने हरियाणा में सड़क परिवहन व्यवस्था में क्षेत्रीय असमानताएं विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। रितु और समीक्षा ने हरियाणा में इको टूरिज्म, तिलयार झील, रोहतक का एक केस स्टडी विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। सपना ने हरियाणा में चावल उत्पादकता में क्षेत्रीय असमानता विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। सुमित ने भिंडावास वन्यजीव अभयारण्य में मानवजनित गतिविधियों का आंकलन विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। रिया और प्रिया ने शहरी क्षेत्र में रीसस मकाक की भोजन आदत जींद शहर का एक केस अध्ययन विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। उपलब्धि पर कुलपति डा. रणपाल सिंह और कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने छात्रों को बधाई दी।


जींद। शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थी वीसी डा. रणपाल के साथ।


जींद। प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग में बीए प्रथम वर्ष की रीतिका रही प्रथम

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में वर्ल्ड रेडक्रॉस डे के उपलक्ष में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन यूथ रेडक्रॉस सेल के द्वारा किया गया। जिसका विषय कीपिंग ह्यूमैनिटी अलाइव था। कार्यक्रम का संयोजन यूथ रेडक्रॉस सेल की इंचार्ज डा. सुषमा गर्ग के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की 26 छात्राओं ने भाग लिया व वर्ल्ड रेडक्रॉस से संबंधित विभिन्न प्रकार के पोस्टर्स की फोटो व्हाट्सअप ग्रुप में सांझ की। निर्णायक मंडल की भूमिका अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डा. प्रियंका साहनी व संगीत विभाग की प्राध्यापिका आरती सैनी द्वारा निभाई गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीए प्रथम की रीतिका, द्वितीय स्थान पर बीए द्वितीय की स्नेहा, तृतीय स्थान पर बीए प्रथम की साक्षी रही। छात्राओं को नगद राशि पुरस्कार में प्रदान की गई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में वरिष्ठ प्राध्यापिका डा. उपासना गर्ग ने सभी विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

---

### फरीदाबाद में 23वीं ऑल हरियाणा स्टेट किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप

# भौंगरा की सगी बहनों ने जीते गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

23वीं ऑल हरियाणा स्टेट किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भौंगरा गांव की सगी बहनों ने अलग-अलग वर्गों में गोल्ड मेडल जीते। ये प्रतियोगिता हरियाणा खेल परिसर इंडोर स्टेडियम सेक्टर-12 फरीदाबाद में हुई।

दो सगी बहन रिद्धिमा कौशिक, विधिका कौशिक ने किक लाइट बॉक्सिंग, लाइट कांटेक्ट में गोल्ड मेडल जीते। ये प्रतियोगिता 4, 5 मई को हुई। रिद्धिमा, विद्धिका कौशिक अब 21 से 26 मई तक पुणा में होने वाली नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी। पिता सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि बेटियों पर गर्व है जो किक बॉक्सिंग में निरंतर गोल्ड मेडल जीत कर नाम रोशन कर रही है। 13 से 15 आयु वर्ग में रिद्धिमा कौशिक ने किक लाइट, लाइट कंटेक्ट में गोल्ड मेडल जीता। विधिका कौशिक ने 11 से 13 आयु वर्ग में किक लाइट, लाइट कंटेक्ट में गोल्ड मेडल जीता। ग्रामीण अंचल के लिए ये गर्व की बात है कि खेलों की तरफ बेटियो का रूझान बढ़ रहा है। अभिभावकों को चाहिए कि वो बेटियों को खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें। ओमप्रकाश शर्मा भौंगरा ने कहा कि दोनों पोतियों पर गर्व है। पोतियों को कभी पोते से कम नहीं समझा है। दोनों पोतियां निरंतर किक बॉक्सिंग के खेल में मेडल जीत कर गांव, परिवार का नाम रोशन कर रही है। बेटी आज खेल, शिक्षा में बेटों से कम नहीं है। ऐसे में बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी हिस्सा लेने के लिए अभिभावक प्रोत्साहित करें। रिद्धिमा कौशिका, विधिका कौशिका ने कहा कि उनके परिवार के सदस्यों ने उनका हर बार उत्साह बढ़ाया है। शुरू से ही किक बॉक्सिंग के खेल को लेकर रूचि थी। इस खेल में निरंतर वो बेहतर कर रही है। जिस खेल में रूचि हो वो ही खेल खिलाड़ी को खेलना चाहिए।









नरवाना। पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस पर इंसानियन अभी जिंदा है थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिा का आयोजन किया

**नरवाना।** गत दिवस सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की रेड क्रॉस सेल द्वारा इंसानियत अभी जिंदा है थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। एक इंसान को दूसरे इंसान के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए जिससे पूरे विश्व में मानव सदभावना का प्रचार हो सके। इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ अनीता छाबड़ा ने बताया कि आज विश्व में मानवता के प्रति कार्य करने में रेड क्रॉस संस्था सबसे आगे है। यह संस्था बिना किसी धर्म, जाति, भेदभाव के सभी के लिए कार्य करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने की। इस प्रतियोगिता में 30 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका डॉ नयनदीप ने निभाई। इस प्रतियोगिता में एमए हिंदी प्रथम वर्ष की छात्रा मायावती प्रथम स्थान पर, मनीषा द्वितीय स्थान पर, बीएससी द्वितीय वर्ष की अंशिका तृतीय स्थान पर रही। बीकॉम द्वितीय वर्ष की मुस्कान को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधान सुरेश सिंघलए, उप प्रधान राजकुमार गोयल, सचिव जियालाल गोयल आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



कैथल। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### वोट की ताकत को खत्म करना चाहती है बीजेपी

**कैथल।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में कलायत विधानसभा के गांव प्योदा और हरसौला में जनसभा की। उन्होंने कहा कि जनता इस सरकार को बदलना चाहती है और हम इस सरकार से लड़ रहे हैं, इसलिए हम सबका काम साझा है।

### बरटा के राजकीय स्कूल में लगाया जागरूकता शिविर

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरटा कैथल में एचआईवी/एड्स और तपेदिक टीबीके बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। विद्यालय के स्वास्थ्य एम्बेसडर शारीरिक शिक्षक धर्मजीत और सत्य देवी ने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई व टीबी (तपेदिक) रोगों से बचने के लिए विद्यार्थियों से क्विज भी करवाई गई।

### पुलिस कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**कैथल।** लोकसभा चुनाव ड्यूटी के संबंध में वीरवार को आरकेएसडी कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला पुलिस के सभी अधिकारी व कर्मचारियों को हरियाणा पुलिस अकादमी के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षकों द्वारा चुनाव के पूर्व की तैयारियों, आचार संहिता का महत्व एवं प्रभावशाली, पोलिंग बूथ का निरीक्षण, क्रिटिकल पोलिंग बूथ, थ्योरीकल तथा प्रैक्टिकल प्रक्रिया, वोटिंग, मतगणना इत्यादि के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा पुलिस की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

### प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट का करें पालन

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी, समर्थक व आम नागरिक तथा अधिकारियों द्वारा दा हरियाणा डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित करनी होगी। सभी राजनीतिक दल व प्रत्याशी चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार चुनाव संहिता की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित करें।

### युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित कर रही पुलिस

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा जिला में युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित किया जा रहा है। खेल प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किये गये पुलिस कर्मचारियों द्वारा एसपी उपासना के दिशा-निदेर्शानुसार थानो के अंतर्गत पड़ने वाले स्कूल ग्राउंड, स्टेडियम, पार्क व एकेडमी, पार्क वगैरा में युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करके सुबह-शाम खेलों/योग/व्यायाम का अभ्यास कराया जा रहा है व नशा से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### योग से होती है शारीरिक व मानसिक वृद्धि

**कैथल।** आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. प्रतिभा भाटिया जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कैथल के मार्गदर्शन में गांव पबनावा की योग व्यायामशाला में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हेतु योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम सरपंच कश्मीर सिंह एवं योगशाला की संचालिका रेखा देवी द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्था की गई।

### लोकतंत्र की मजबूती को में वोट की चोट जरूरी

**कैथल।** अखिल भारतीय किसान सभा,सैन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन व अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं की संयुक्त आम बैठक जवाहर पार्क कैथल में हुई। बैठक में महिलाओं सहित सैंकडों किसान-मजदूरों ने भाग लिया।

---

### विद्यार्थियों को भाषण के माध्यम से बताया मदर्स-डे का महत्व

# जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में मदर्स-डे पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षा समिति के प्रशासक चन्द्र शेखर सहारण ने किया। कार्यक्रम में पंकज गुप्ता, सूबे सिंह मलिक, दिनेश ढिल्लों, कुलदीप गोपेरा एवं डॉ. राजकला सिहाग पूनिया ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य, नाटक, भाषण एवं गायन कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। 12वीं और 9वीं कक्षा की छात्राओं क्रमशः दीपांशी शर्मा और अर्शिता ने मदर्स डे का महत्व बताते हुए अपना भाषण दिया। इतना ही नहीं, छात्रों ने पेंटिंग, पोस्टर और कार्ड बनाकर अपनी मां के प्रति अपना प्यार दिखाया। नर्सरी से कक्षा 2 तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने /"तू कितनी अच्छी है/" गीत पर नृत्य करके और मंत्रमुग्ध कर देने वाले क्षणों में खूब तालियाँ बटोरीं। विद्यार्थियों ने अलग-अलग अंदाज में अपनी मां को सलाम किया।





कैथल। मातृ दिवस पर प्रस्तुति जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी तथा मातृ दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।



कैथल। कोहिनूर इंटरनेशनल अकेडमी के प्रांगण में मातृ दिवस मनाते हुए बच्चे।

### कोहिनूर इंटरनेशनल अकादमी में मनाया मातृ- दिवस

**गुहला-चीका।** टटियाना स्थित कोहिनूर इंटरनेशनल अकादमी के प्रांगण में आज मातृ- दिवस के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका आरंभ हिंदी व अंग्रेजी में भाषण द्वारा किया गया। इसमें बच्चों को मातृ-दिवस मनाने के कारणों, इतिहास , महत्व व आधुनिक समय में इसकी प्रासंगिकता से अवगत करवाया गया । इसके बाद एकल व समूह गान द्वारा बच्चों ने मां के त्याग व प्यार का गुणगान किया। तत्पश्चात कविता गायन, कोरियोग्राफी, नाट्यमंचन, एकल व समूह नृत्य द्वारा इस दिन को और भी यादगार और महत्वपूर्ण बनाया गया। कार्यक्रम की एक-एक प्रस्तुति वात्सल्य भाव से भरपूर होने के कारण सारा वातावरण भावुक हो उठा। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया गया जैसे कि नारा लेखन, कविता लेखन, पोस्टर मेकिंग , कार्ड मेकिंग इत्यादि। अवसर पर अकैडमी की प्रधानाचार्या श्रीमती कंवलजीत कौर बाजवा और चेयरपर्सन डॉक्टर सुखविंदर कौर भी उपस्थित रहीं ।

### मातृ शक्ति को दें सम्मान : मनोज पांडे

**कैथल।** दर्शन अकादमी प्रताप गेट कैथल में मातृ दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति को सम्मान देना तथा उनका मनोरंजन करना था। इस अवसर पर बच्चों ने मां से संबंधित गीत कविताएं तथा नृत्य प्रस्तुत करके अपनी शानदार प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की सह संचालिका सुमन खुराना, सुनीता ठुकराल तथा आशु कालड़ा द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज पांडे की देखरेख में किया गया । इस कार्यक्रम में गायन प्रतियोगिता के निर्णायक अमृत सरना तथा दिव्या खेड़ा व नृत्य प्रतियोगिता के निर्णायक ममता तथा योगिता थी । इस अवसर पर मातृशक्ति ने गीत गाकर तथा नृत्य दिखाकर अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया । कार्यक्रम के अंत में विजेता मातृशक्ति को पुरस्कार भी वितरित किए गए इसी के साथ-साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विजेता मातृशक्ति को बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



राजौंद। मातृ दिवस पर आयोजित खेल प्रतियोगिता के दौरान मौजूद स्टाफ सदस्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि



कलायत। मातृ दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते डीडीवाई स्कूल के विद्यार्थी।

### डीडीवाई के होनहारों ने 'मातृ दिवस' पर बिखेरे अपनी प्रतिभा के रंग

**कलायत।** वीरवार को डी .डी.वाई. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरक पांडवा में मातृ दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें बच्चों ने अपनी अलग-अलग प्रस्तुतियों के माध्यम से मातृ दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डाला।जिसमें प्रीति,जैस्मिन,संस्तुति, हंसमुख,रितिका आदि के ग्रुप ने नृत्य के माध्यम से कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई,वहीं प्रिंस,प्रिया, रॉबिन, समर्थ आदि बच्चों ने अपने भाषण, कविता तथा गीतों के माध्यम से अपने जीवन में मां की भूमिका का वर्णन करते हुए उसके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इसके साथ-साथ विद्यालय के प्राध्यापक श्री सुरेंद्र जी ने अपनी कविता और भाषण द्वारा नारी या लड़की के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को उजागर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सलिन्द्र सहारण ने सभी बच्चों और अध्यापकों को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुतियां और सफल आयोजन पर पूरे विद्यालय परिवार की प्रशंसा की व बधाई दी। विद्यालय संस्थापक सुभाष शास्त्री ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य समाज में गिरते नैतिक मूल्यों से अवगत करवाने के साथ-साथ बच्चों की प्रतिभा को निखारकर उसे भविष्य की प्रतिस्पधाअरं के लिए तैयार करना है। इस मौके पर विद्यालय के सभी अध्यापकगण कुलदीप, गोविंद,उषा ,शीला , सीमा आदि मौजूद रहे।

### बच्चों ने किया मां का पूजन

■ बच्चों को मातृ दिवस की बधाई दी मां की जीवनी के बारे में विस्तार से बताया

**राजौंद।** गांव रोहेड़ा के सरस्वती स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्त्रमों में भाग लिया और चार्ट बनाएं। स्कूल प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने बच्चों को मातृ दिवस की बधाई दी और बच्चों को मां की जीवनी के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान स्कूल में बच्चों की माताओं को भी आमंत्रित किया गया। जिस पर सभी बच्चों ने अपनी माताओं का पूजन किया। उन्होंने कहा कि मातृ दिवस के उपलक्ष में माताओं के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इसमें बच्चों की माताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इन खेल प्रतियोगिताओं में मटका रेस, रस्सा कस्सी, म्यूजिकल चेयर शामिल इत्यादि करवाएं गए। कार्यक्त्रम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाली माताओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहा।

---

# छात्रा चाहत और देवांसी ने डांस प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

शिक्षा भारती के छात्र प्रेक्ष व छात्राओं चाहत और देवांसी ने स्टेपिंग स्टार डांस प्रतियोगिता मे भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन नरवाना के विश्वकर्मा धर्मशाला में टिंकू सुरबरा की ओर से किया गया । इस प्रतियोगिता में लगभग विभिन्न क्षेत्रों से 1000 बच्चों ने भाग लिया । स्टेपिंग स्टार डांस प्रतियोगिता का आयोजन तीन स्तर पर किया गया। जिसमें प्रथम स्तर 4 से 9 साल के बच्चों का, दूसरा 10 से 16 साल के बच्चों का और तीसरा स्तर 16 साल से ऊपर की आयु के बच्चों का था । जिसमें शिक्षा भारती कलायत की छात्रा चाहत और छात्र प्रेक्ष ने प्रथम स्थान और दिव्यांशी ने 4 से 9 साल की आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 4 से 9 साल की आयु वर्ग में शिक्षा भारती के छात्रों का दबदबा रहा जिसके परिणाम स्वरूप पहला दूसरा और तीसरा स्थान शिक्षा भारती के विद्यार्थियों ने हासिल किया। निर्णायक पैनल के द्वारा बच्चों को पुरस्कार और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

### मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया विज्ञापन का प्रमाणीकरण जरूरी

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले प्रत्याशी या राजनीतिक दल को एमसीएमसी से प्रमाण पत्र लेना होगा। वहीं टीवी और लोकल केबल टीवी में विज्ञापन प्रसारित कराने के लिए नामांकन करते ही एमसीएमसी से प्रमाणित कराना होगा।

# एसएसटी टीमें सभी वाहनों पर रखें पैनी नजर : प्रशांत

■ निर्धारित नाकों पर अलर्ट मोड पर करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि एसएसटी टीमों में कार्य कर रहे अधिकारी व कर्मचारी वाहनों पर पैनी नजर बनाए रखें। किसी वाहन में जांच प्रक्रिया के दौरान मादक पदार्थ, शराब, नकदी, महंगे गिफ्ट इत्यादि पाए जाते हैं तो उच्च अधिकारियों को सूचित करके उसे सीज करने का काम करें। निर्धारित नाकों पर अलर्ट मोड पर कार्य करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में एसएसटी टीमों में शामिल सदस्यों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्रों में तैनात एसएसटी टीमों से अब तक किए गए कार्यों की फीडबैक ली। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने को लेकर एसएसटी टीमें वाहनों की तलाशी गहनता से करें। वे अपनी डयूटी को पूरी कर्तव्य एवं निष्ठा के साथ निभाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के पास उसके वाहन में 50 हजार रुपए से अधिक की नकदी है तो उसके बारे में उसको पूरा विवरण देना होगा, यदि वाहन चालक नकदी के बारे में सही जानकारी नहीं दे पाता है तो संबन्धित टीमों द्वारा नकदी को जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति पचास हजार से दस लाख तक बिना अथोरिटी के पैसों को नहीं ले जा सकता, अगर व्यक्ति के पास अथोरिटी नहीं होगी तो एफएसटी व एसएसटी टीम द्वारा कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एडीसी सी.जया श्रद्धा, सीटीएम गुरविंद्र सिंह के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।





कैथल। डीसी प्रशांत पंवार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

---

# डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में मदर्स डे और परशुराम जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

आज डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल चीका में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें माताओं के सम्मान के लिए कार्यक्रम किए गए बच्चों ने अपने-अपने तरीके से मां को सलाम किया। पांचवी कक्षा के बच्चों ने अपनी मां के लिए सुंदर-सुंदर ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए। प्रार्थना सभा में बच्चों ने गीतों, कविताओं व भाषण आदि के माध्यम से मां की ममता, त्याग व दया के बारे में बताया। स्पेशल गेस्ट बनकर आई बच्चों की माताओं के लिए स्कूल में प्रतियोगिताएं करवाई गई और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम सिंह जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए सबसे पहले भगवान परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत उन्होंने मां की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि मां दया, ममता और त्याग की मूर्ति होती है जिसकी छाया में रहकर मनुष्य आनंदित अनुभव करते हैं मां खुद गीले में सोकर बच्चों को सुखे में सुलाती है मां का ऋण मनुष्य कभी भी नहीं चुका सकता।

### आदर्श स्कूल जाखौली में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**राजौंद।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखौली में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बताया की सांस्कृतिक कार्यक्त्रम देश के लोगों को उन जड़ों की याद दिलाने में मदद करते हैं जिनसे वे जुड़े हुए हैं। लोगों को बताते हैं कि हमारी परंपराएं और संस्कृति दूसरों से कितनी भव्य और अनोखी हैं। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत विचारों में ज्ञान, कला, विश्वास, रीति-रिवाज, क्षमताएं और सामाजिक आदतें शामिल थी। इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बताया की सांस्कृतिक कार्यक्रम हमें हमारी संस्कृति से जोड़े रखते हैं तथा हमें हमारी पुरानी परम्पराओं की याद दिलाते हैं। इस दौरान स्कूल के अध्यापक संदीप कुमार, कुलदीप सिंह, सुनील कुमार, सरोज व सोनिया सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



कैथल। देह दान के लिए फार्म भरते सतीश सेठ। फोटो : हरिभूमि

### वरिष्ठ पत्रकार सतीश सेठ ने देह दान का फार्म भरा

**कैथल।** नगर की अग्रणी समाज सेवी संस्था सेवा संघ द्वारा संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्पों में शामिल सेवा संघ देह दान योजना के तहत जिला के वरिष्ठ पत्रकार और प्रमुख समाज सेवी सतीश सेठ ने अपनी धर्म पत्नी किरण लता सेठ के साथ मृत्युपरांत देहदान का संकल्प पत्र भरा। यह संकल्प पत्र संस्थापक और प्रधान डॉ. शिव शंकर पाहवा, महासचिव अशोक भारती, सेवा संघ देह दान योजना के संयोजक नरेश कालरा, सह-संयोजक हरचरण छाबड़ा और अमित सेठ की मौजूदगी में भरा।

# भगवान परशुराम भगवान विष्णु के अवतार हैं, जो सदैव अमर हैं : बख्शी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के प्रांगण में भगवान परशुराम जयंती, महाराणा प्रताप जयंती व मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने की। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्त्रम प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा सुंदर वेशभूषा में एकल गीत, एकल नृत्य, भाषण, कविता, गीत और लघु नाटिका प्रस्तुत कर भगवान परशुराम जी, महाराणा प्रताप के जीवन वृतांत का परिचय दिया। प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम जी भगवान विष्णु जी के छठे अवतार हैं। वे जमदग्नि व माता रेनूका जी के पुत्र हैं। भगवान शिव जी ने उन्हें परसा भेंट किया। जिससे वे भगवान परशुराम के नाम से प्रसिद्ध हुए। आज भी भगवान परशुराम अमर हैं। प्राचार्या ने महाराणा प्रताप के शौर्य और वीरता के बारे में भी विस्तार से वर्णन किया और कहा कि हमें महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, वे सदा अजेय रहे।



पूंडरी। डीएवी स्कूल में अपनी प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

---

### कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके की

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

नगर के महाराणा प्रताप चौक पर वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। नगर के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने भाग लिया। प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्त्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता क्षत्रिय महासभा के युवा अध्यक्ष प्रमोद राणा ने की।

महासभा के अध्यक्ष प्रमोद राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप किसी एक विशेष जाति के न होकर पूरे देश वासियों के लिए एक महान योद्धा थे। हमें उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। महाराणा प्रताप भारत मां के अतुलनीय शूरवीर योद्धा थे। जिसने मुगलों के दांत कई बार खट्टे किए। वह बलिदान एवं शौर्य के अनुपम अनूठे उदाहरण है। उनकी शूरवीरता अदम्य साहस का परिचय हल्दी घाटी के युद्ध में मिलता है। इस दौरान उपचेयरमैन प्रतिनिधि मंजीत राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन बलिदानियों से भरा पड़ा है। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। वह देशभक्ति राष्ट्रभक्ति मानव हित के जन नायक के रूप में जाने जाते हैं। भारतवर्ष में उनका नाम सदा अमर रहेगा। इस दौरान प्रमोद राणा, राकेश राणा, उप चेयरमैन प्रतिनिधि मंजीत राणा, मोहकम राणा, जयपाल राणा, अंकुर राणा, पूर्व सरपंच पवन जैलदार, बलविंद्र नंबरदार, अमन राणा, महिपाल प्रधान धर्मपाल राणा, रविंद्र राणा, अजय राणा, पार्षद विकास राणा, कमल राणा, रवि राणा सहित कई अन्य समाज के लोग भी मौजूद थे।



राजौंद। महाराणा प्रताप चौंक पर महाराणा की प्रतिमा पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



कैथल। महाराणा प्रताप को याद करते एडवोकेट। फोटो : हरिभूमि

### चैंबर परिसर मे किया महाराणा प्रताप को याद

**कैथल।** चेंबर परिसर में आज वकीलों ने महाराणा प्रताप की 884वीं जयंती धूमधाम से मनाई। चेंबर नंबर 258 पर अमित सिंह राणा द्वारा मनाई गई जयंती में भारी संख्या में वकीलों ने एकत्रित होकर महाराणा प्रताप को नमन किया। अपने संबोधन में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक ने कहा कि महाराणा प्रताप ने स्वाधीनता के लिए घास की रोटी तक खाई। उन्होंने कभी गुलामी सहन नहीं की और ना ही पीठ दिखाई। युद्ध में मुगलों के दांत खट्टे किए और अपनी सेना का लोहा मनवाया। उन्होंने हिंदुत्व को बचाने के लिए बलिदान दिया। अमन सिंह राणा ने बताया कि महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के मेवाड़ में हुआ था। महाराणा प्रताप ने अकबर की 85 हजार सैनिकों वाली विशाल सेना के सामने अपने 20 हजार सैनिक और सीमित संसाधनों के बल पर स्वतंत्रता के लिए कई वर्षों तक संघर्ष किया। बताते हैं कि ये युद्ध तीन घंटे से अधिक समय तक चला था।



पूंडरी। गुरुकुल पूंडरी में महाराणा प्रताप की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### महाराणा प्रताप ने अपने स्वाभिमान की खातिर सर्वस्व न्योछावर कर दिया : भूपेंद्र कौशिक

■ गुरुकुल पूंडरी में महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई

**पूंडरी।** गुरुकुल पूंडरी में महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधन समिति सदस्य भूपेंद्र कौशिक व प्रमोद राणा ने विशेष रूप से भाग लिया व अध्यक्षता प्राचार्या सुमन कुमारी ने की। इस मौके पर महाराणा प्रताप की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। भूपेंद्र कौशिक ने कहा कि महाराणा प्रताप को भारतीय ही नहीं, विश्व के सबसे महान योद्धाओं में से एक माना जाता है। महाराणा प्रताप का जन्म 16वीं शताब्दी के मध्य में वर्ष 1540 को 9 मई के दिन एक राजपूत राजघराने में हुआ था। वह मेवाड़ के शासक थे, जिन्होंने अपने स्वाभिमान की खातिर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। गुरुकुल प्राचार्या सुमन कुमारी ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने प्रजा के लिए अपने रा'य की कृषि व्यवस्था, व्यापार तंत्र और कला को विशेष रूप से प्रोत्साहन दिया था। अपने रा'य में स्वाभिमान की रक्षा करते हुए 19 जनवरी 1597 के दिन राजस्थान में महान शासक महाराणा प्रताप का निधन हो गया था। इस अवसर पर गुरुकुल प्रशासक प्रवीण शर्मा, उप प्राचार्य अशोक गौतम व अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सीआरएसयू एक्सटेंशन लेक्चरर आयोजित

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डा. मंजू और सहायक प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग डा. दीपक मलिक ने मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की।

### टायर फिसलने से स्कूटी चालक घायल

**राजौंद।** जींद रोड पर शहनाई गार्डन के पास एक स्कूटी का टायर फिसलने से युवक घायल हो गया। इस बारे दुडाना निवासी लव कुश ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका बड़ा भाई विजय कुमार रात करीब 9 बजे राजौंद किसी काम से आया हुआ था। राजौंद शहनाई गार्डन के पास स्कूटर का टायर फिसलने गिरने से वह बुरी तरह से जख्मी हो गया।

### समाजसेवियों ने किया सफाई अभियान शुरू

**गुहला-चीका।** पीडल गांव में शहर के कुछ समाजसेवियों ने सफाई अभियान की शुरूआत करके गांव को चकाचक साफ व सुथरा बनाने का बीड़ा उठाया है। उक्त जानकारी देते हुए पहलवान काकू ने बताया कि गांव में मुख्य फिरनी से लेकर गलियों का बुरा हाल है और जहां तक भी निगाह घुमाओं कूड़ा दिखाई देता है।

### तीन छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

**नरवाना।** राजीव गांधी राजकीय पॉलिटेक्निक नरवाना के टैक्सटाईल डिंजाईन ब्रांच के 3 विधार्थियों विशाल, सम्पत कुमार व सुखबीर का देवगिरी ओवरसिस प्राईवेट लिमेटेड पानीपत हरियाणा, में चयन हुआ।

### अकादमिक-एडमिनिस्ट्रेटिव ऑडिट किया गया

**सफीदों।** वीरवार को राजकीय महाविद्यालय सफीदों में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद द्वारा अकादमिक और एडमिनिस्ट्रेटिव ऑडिट किया गया। इस ऑडिट में अध्यक्ष प्रोफेसर एसके सिन्हा, एडमिनिस्ट्रेटिव एक्सपर्ट डा. पूनम काजल, डीन अकादमिक अफेयर्स कार्यालय से राहुल ढुल व औद्योगिक विशेषज्ञ हनी बलूजा मौजूद रहे।

### महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के एकमकॉम सेमेस्टर 4 के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्याति?थि के तौर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने शिरकत की।

### तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, बाइक सवार घायल

**जींद।** गांव घिमाना के निकट तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बीबीपुर निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार होकर शहर में आ रहा था। गांव घिमाना के निकट चपेट में आ गया।

---

## घर के आसपास तथा अंदर कहीं भी पानी खड़ा न होने दें

# डेंगू व मलेरिया बीमारी से बचाव को लेकर गांवों में किया फीवर मास सर्वे

- बुखार पीड़ितों के लिए सैंपल, जांच के लिए लैबोरेटरी भेजे
- स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीण लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है दूषित पानी एकत्र न होने दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





**जींद।** ड्रम में लार्वा की जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी व गांव ईंटल कलां व जलापुर कलां में ग्रामीणों को पंपलेट बांटते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किनाना के तहत उपस्वास्थ्य केंद्र बिरौली और गांव किशनपुरा में स्वास्थ्य सुपरवाइजर मंजीत भोला के नेतृत्व में फीवर मास सर्वे किया गया। दोनों गांवों में कुल पांच टीमें बनाई गई और हर घर में जाकर लार्वा की जाचं की गई। बुखार वाले मरीजों की रक्त पट्टिकाएं बनाई और उन्हें दवाइयां दी गई। गांव बिरौली में कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता जितेंद्र सैनी ने बताया कि कोई भी बुखार डेंगू, मलेरिया हो सकता है। अतः बुखार होने पर निकट के सरकारी अस्पताल में जाकर अपने खून की जांच जरूर करवाएं। इस मौके पर सुनील, सलेंद्र, सुरेश, संत कुमार, अमित, मनदीप, नीलम देवी आदि आशा वर्कर मौजूद रहे। गांव ईंटल कलां व जलापुर कलां में स्वास्थ्यकर्मियों ने घर-घर जा कर टंकी, कूलर, होदी के पानी मे लार्वा की जांच की व ग्रामीणों को मलेरिया, डेंगू बुखार के कारण, लक्षण व बचाव के तरीके बताए। स्वास्थ्यकर्मी पवन ने बताया कि अगर कोई बुखार पीड़ित पाया जाता है तो उसकी रक्त पट्टिका बना रहे हैं। स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा टंकी, कूलर, होदी, छतों पर पड़े कबाड़, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट-ट्रे, गमलों, पक्षियों के पानी पिलाने के बर्तनों के पानी मे लार्वा चेक किया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीण लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है जोकि दूषित पानी मे अपना जीवन चक्र पूरा करता है। ऐसे में बुखार होने पर तुरंत चिकित्सक से जांच करवाएं। उधर, राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गांव बेलरखां में फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। अभियान की अगुवाई करते हुए एमपीएचडब्ल्यू प्रदीप भारद्वाज ने बताया कि मच्छरों के बढ़ते हुए प्रकोप के कारण मलेरिया व डेंगू बुखार होने की संभावना बढ़ जाती है।अभियान के दौरान एमपीएचडब्ल्यू फिमेल रितु शर्मा ने बताया कि बुखार होने पर रक्त की जांच करवाएं। पानी के बर्तनों को अच्छी तरह ढक कर रखें, सप्ताह में एक बार पानी के सभी बर्तनों का पानी निकाल सफाई करें।



**जींद।** बेलरखां में पानी की जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

---



**जींद।** लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली साथ में अन्य।

## मोदी की वजह से बदला है हमारे प्रति विश्व का नजरिया: बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा के सोनीपत लोकसभा प्रत्याशी मोहनलाल बडौली ने गुरुवार को जुलाना विधानसभा क्षेत्र के दर्जनभर से अधिक गांवों में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान जगह-जगह पर उनका स्वागत हुआ। प्रधानमंत्री ने 400 पार का संकल्प लिया है, उनके संकल्प को पूरा करने के लिये हर देशवासी को अपने मत का प्रयोग करना होगा। बड़ौली ने कहा कि नरेंद्र मोदी की वजह से ही आज पूरी दूनिया का नजरिया देश के प्रति बदल चुका है। विश्व पटल पर हमारा देश चमक रहा है। इस दौरान बड़ौली ने जनसंपर्क अभियान के तहत देवरड, कमाच खेड़ा, देश खेड़ा, राजगढ़, झमोला, करेला, गढ़वाली, बुरा ढेर, बुवाना, करसोला समेत 19 गांवो में मतदान की अपील की। इसी दौरान ब्राह्मणावास के शादीपुर वार्ड में चौपाल के दौरान मोहनलाल बड़ौली को लड्डुओं से तोला गया। कार्यक्रम में चेयरमैन प्रभात पांडेय, नीरज मल्लिक, मंडल अध्यक्ष मुकेश गुहाड़ा, राधे शर्मा, प्रमेंद्र लाठर, विजेंद्र शर्मा, विनोद मेहदिया आदि मौजूद रहे।

## राज्य में जिला जींद बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करवाने में रहा प्रथम स्थान पर

**जींद।** बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करवाने में जींद का स्वास्थ्य विभाग प्रदेश में अव्वल स्थान पर रहा है। इस कार्यप्रणाली से जहां जिला के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को वेतन विसंगतियों व अन्य प्रकार की जवाबदेही देने में पारदर्शिता आएगी वहीं जिला के आमजन को भी स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर व समयबद्ध तरीके से मिल सकेंगी। सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा रा'य सरकार के अधीन सभी विभागों, बोर्ड व कॉरपोरेशन के अधिकारियों व कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए कोरोना काल के बाद पुनः निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों की अनुपालना में स्वास्थ्य विभाग जींद के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति बायोमेट्रिक से लगा कर समयबद्ध की है। इस कार्य प्रणाली से नागरिक अस्पताल सहित जिला की सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में अब अधिकारी व कर्मचारी बायोमेट्रिक उपस्थित होकर विभाग द्वारा आमजन के लिए दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समयबद्ध तरीके से उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि कई बार कर्मियों की हाजिरी को लेकर विवाद रहता था। जिस पर बायोमेट्रिक प्रणाली से ऐसे विवादों का भी समाधान होना निश्चित हुआ है। उप सिविल सर्जन डा. पालेराम ने बताया कि बायोमेट्रिक प्रणाली बहुत ही बेहतर है।

---

## अग्रिम गेहूं ऋण राशि की अधिसूचना जारी न करने को लेकर सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी का प्रतिनिधिमण्डल जिला प्रधान छज्जु राम की अध्यक्षता में अतिरिक्त उपायुक्त सी जया श्रद्धा से मिला। उन्होंने एडीसी के माध्यम से वर्ष 2024-25 के अग्रिम गेंहू ऋण राशि की अधिसूचना जारी न करने पर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौपा। जिला प्रधान छज्जु राम, जिला सचिव कपिल सिरोही व सहसचिव मियाँ सिंह ने सयुंक्त ब्यान जारी करते हुए बताया कि हरियाणा सरकार हर वर्ष सभी विभागों में लगे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अप्रैल माह में अग्रिम गेहूँ ऋण राशि देते है जो बाद में किस्तो के हिसाब से वेतन में से काटा जाता है परन्तु अबकी बार मई महीना भी खत्म होने को लेकिन अब तक कोई भी अधिसूचना जारी नहीं की गई है। किसानों ने ज्यादातर गेहूँ मंडियो में बेच दी है और मंडियो से गेहूँ उठान का कार्य भी तकरीबन पूरा हो गया है। अग्रिम गेहूँ ऋण राशि न मिलने के कारण से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को गेहूँ खरीदने में भी काफी समस्या हो रही है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को गेहूं राशि की अधिसूचना जल्द से जल्द जारी करे।

## डिप्टी कमीशनर लाठर ने ली स्वैच्छिक सेवानिवृति

- जुलाना पहुंचने पर किया गया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



**जुलाना।** ट्रैक्टर पर सवार होकर जूलुस निकालते डा. सुरेंद्र लाठर।

जुलाना क्षेत्र के बुढ़ाखेड़ा लाठर निवासी डिप्टी एक्साइज एवं टैक्सेशन कमीशनर डा. सुरेंद्र लाठर ने स्वेच्छिक सेवानिवृति ले ली है। विभाग द्वारा उन्हें स्वीकृति दी गई है। वीरवार को डा सुरेंद्र लाठर जुलाना पहुंचे। जुलाना में पहुंचने पर उनका गांव बुढ़ा खेड़ा की महिला एवं पुरूषों ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। बता दें कि पूर्व डिप्टी कमीशनर डा सुरेंद्र लाठर जुलाना की सामाजिक संस्था सामाजिक सरोकार परिवार के वालंटियर रहने के चलते शिक्षा और समाजसेवा करने का ज'बा बना चुके थें जिस कारण अब उन्हें राजनीति में आकर समाज सेवा बेहतर ढंग से करने का विकल्प चुना है। ऐसे में अब एसएसपी सदस्यों का कहना है कि वो खुले मंच से समाज की सेवा करना चाहते हैं। इसलिए वो किसी भी समय देश की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी में शामिल हो सकतें हैं। इसी को लेकर वीरवार को डा. सुरेंद्र लाठर का जुलाना पहुंचते ही जुलूस के साथ उनका स्वागत किया गया। डा. सुरेंद्र लाठर ने कहा कि वो साधु संत और शिक्षकों का विशेष सम्मान करते हैं। साधुसंतों और शिक्षकों ने उन्हें राजनीति में आने के लिए प्रेरित किया। उन्ही के दिखाए गए मार्ग पर चलकर वो राजनीति में आए हैं। उन्होंने कहा कि वो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी प्रेरित हुए हैं। अच्छी सोच के साथ वो राजनीति में आए हैं वो पूर्ण रूप से देश की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। इससे पहले भी उन्होंने जुलाना में बड़े कार्यक्त्रमों के माध्यम से मेधावी छात्रों से लेकर शिक्षक और उनके अभिभावकों का सम्मान किया है। डा सुरेंद्र लाठर किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं।

### कांग्रेस ने पूर्व मंत्री बीरेंद्र सिंह को दी बड़ी जिम्मेदारी

**उचाना।** कांग्रेस नेता हरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान ने दिग्गज नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह को दो दिनों में तीन बड़ी जिम्मेदारी देने का काम किया है। कांग्रेस द्वारा दी गई बड़ी से उनके अनुभव, निपुणता का चुनाव में कांग्रेस पार्टी को फायदा होगा। हरियाणा में स्टार प्रचारकों में शामिल करने के बाद दिल्ली में स्टार प्रचारकों की सूची में भी सर छोटूराम के नाती एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह को शामिल किया गया है। 40 साल तक वो कांग्रेस में विभिन्न पदों पर रहने के साथ-साथ कई रा'यों के प्रभारी भी बने। दिल्ली के प्रभारी भी वो कांग्रेस पार्टी में रहे थे। ऐसे में अब कांग्रेस में दस साल के बाद घर वापसी करने के बाद कांग्रेस को मजबूत करने में लगी हुई है।

---

## पीआईईटी में कुनिका को तीसरा स्थान

- पनीपत इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी संस्थान द्वारा पीआईईटी क्वेस्ट 2024 स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना




**नरवाना।** छात्रा कुनिका को सम्मानित करते हुए कॉलेज स्टाफ सदस्य।

पनीपत इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी संस्थान द्वारा पीआईईटी क्वेस्ट 2024 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न पॉलिटेक्निक कॉलेजो के विधार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें राजीव गांधी राजकीय पॉलिटेक्निक नरवाना के विधार्थियों ने भी हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज की सिविल इंजीनियरिंग की छात्रा कुनिका पुत्री कृष्ण सिंह निवासी गांव उझाना ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इय दौरान कॉलेज प्रधानाचार्य जसवंत सिंह, सिविल ब्रांच के विभागाध्यक्ष राधेश्याम बिश्नोई, प्रोफेसर मंजू, प्रोफेसर सुरेन्द्र मलिक, प्रवीन कुमार, प्रदीप नैन, जगबीर सिंह, टीपीओ ईंचार्ज अल्का कालरा का विशेष मार्गदर्शन रहा। कुनिका ने इस सफलता का श्रैय माता-पिता व शिक्षकगणों व संस्थान को दिया है।

### अनदेखी पर आंसू बहा रहा शहर का जवाहर पार्क

**कैथल।** कैथल के सबसे प्राचीन धरोहर के रूप में विख्यात जवाहर पार्क आज नगर परिषद की अनदेखी के चलते अपनी माली हालत पर आंसू बहा रही है। शहर के मध्य स्थित जवाहर पार्क के तालाब का पानी गंदगी से भरा होने से कई महीनो से बदबू मार रहा है। पार्क में सैर करने वालो और बाबा शाह कमाल पीर की दरगाह पर आने वाले भक्तो को वहा सांस लेना दुर्भर रहता है। पार्क में पिछले 2 माह से पेड़ पौधों और मखमली घास पर पानी न देने से सूखते जा रहे हैं। कभी इसी पार्क के वृक्षों पर सारा दिन पक्षियों की चहचाहट ओर गर्मी सर्दी में नए-नए पक्षियों का आवागमन रहता था। अब पानी ओर हरियाली के अभाव में पक्षियों की मधुर आवाजे सुनाई नहीं देती। गिलहरियों की हट खेलिया सुनाई नहीं देती है।

## पुराना बस अड्डा चौक का नाम महाराणा प्रताप के नाम पर रखने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




महाराणा प्रताप जयंती मनाते हुए जयति-जयति हिंदू महान संगठन के पदाधिकारी व सदस्य।

जयति-जयति हिंदू महान संगठन द्वारा हर वर्ष की भांति महाराणा प्रताप जयंती पर वीरवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अतुल चौहान ने पुराना बस स्टैंड चौक पर महाराणा प्रताप के पोस्टर लगा कर इस चौक का नाम महाराणा प्रताप चौक रखने की मांग की। अतुल चौहान ने बताया कि हमें एक महान वीर योद्धा और स्वाभिमानी सपूत महाराणा प्रताप जी को श्रद्धांजलि देने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उनका अदम्य साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति समर्पण सदैव हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना हुआ है। महाराणा प्रताप जी के जीवन की गौरवगाथा ने हमें यह सिखाया है कि संघर्ष के दौरान धैर्य, साहस और आत्मसम्मान को बनाए रखना आवश्यक है। उनकी वीरता की कहानियां हमें हमेशा प्रेरित करती हैं और उनके आदशोंर् को सम्मानित करने का अवसर प्रदान करती हैं। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर हम उनके महान बलिदान और वीरता को सम्मानित करते हुए उनके आदशोंर् से प्रेरणा लेने का संकल्प करते हैं। यह अवसर हमें उनकी महानता को सलाम करने और उनके योगदान को याद करने का अवसर देता है।

---

### फैंसी ड्रेस में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**राजौंद।** पार्श्वनाथ स्कूल में मातृ दिवस मनाया गया। जिसमें बाल वाटिका के विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में नायरा मिट्ठू सीखा राणा ने पहला स्थान प्राप्त किया व सीनियर विद्यार्थियों ने मां शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता के द्वारा अपने प्रेम व उत्साह को दिखाया। इसके अलावा कक्षा सातवीं से अनु शुभम आराधना व श्रुति ने दसवीं व अन्य विद्यार्थियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्या सुजाता सिहाग व प्रबंधक रमेश राणा ने कहा कि मा ही इंसान की प्रथम पाठशाला है। मां शब्द हमारे सनातन धर्म में गौरवता का मान सम्मान के प्रयोग किया जाता है। इंसान मा शब्द से ही जीवन की शुरूआत करता है। इस दौरान स्कूल स्टाफ अनिल साक्षी सोनिका राविश, निशु राणा, प्रियंका संधू आशु राणा रविंदर कौर व सुनील शर्मा ने भी अपने-अपने !व्रिचार मातृ दिवस पर प्रकट किए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### एटीएम कार्ड बदल निकाले दस हजार, केस

**जींद।** पटियाला चौक पर एटीएम केबिन में दो युवकों ने एक युवक का एटीएम कार्ड बदल दस हजार रुपये निकलवा लिए। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आदमपुर निवासी राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह हिसार से पानीपत जा रहा था। जरूरत पड़ने पर वह पटियाला चौक पर एटीएम से राशि निकलवाने चला गया।

उसका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया। कुछ समय के बाद बाइक सवार दो युवक वहां पर पहुंचे और पिन नंबर भरवा कर कार्ड बाहर निकाल लिया। उसी दौरान युवकों ने उसका एटीएम कार्ड बदल दूसरा थमा दिया और वहां से चले गए। कुछ समय के बाद उसके फोन पर दस हजार रुपये निकलवाने का संदेश आया।

## लघु नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों को किया गया एड्स के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों




**जींद।** एड्स के प्रति जागरूकता फैलाते बच्चे व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत एड्स के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह ने की। प्रातःकालीन सभा में बच्चों द्वारा लघु नाटक प्रस्तुत करके व जागरूकता रैली निकालकर एड्स जैसी भयंकर बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। लघु नाटिका में बताया गया कि एड्स एक सिंड्रोम है जिसका वायरस शरीर में प्रवेश करते ही हमारी प्रतिरोधक क्षमता को खत्म कर देता है। जिस कारण छोटी से छोटी बीमारी भी जानलेवा साबित हो सकती है। एड्स अप्राकृतिक यौन संबंधों, एक ही नीडल से कई लोगों की बॉडी पर टैटू बनवाने, एक ही ब्लेड से कई लोगों की हजामत बनाने, एचआईवी संक्रमित रक्त लेने, एचआईवी संक्रमित महिला से उसके बच्चे को होने का डर रहता है। प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह ने बताया कि एड्स भयंकर बीमारी है। हमें इस बीमारी से खुद तो बचना ही है साथ ही साथ दूसरों को भी जागरूक करना है क्योंकि सावधानी में ही सुरक्षा है।



लंगरघर पर किसानों को संबोधित करते हुए किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़।

## गांव में पहुंचने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष से पूछा जाएगा किसानों पर क्या है स्टैंड : कोहाड़

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के लंगर घर पर किसानों की इंसाफ यात्रा पहुंची। लंगर घर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि ना हम किसी की वोट मांग रहे हैं और ना ही किसी को स्पोर्ट कर रहे हैं लेकिन गांवों में जाकर किसानों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया है। जिसके तहत गांव में लोग सत्ता पक्ष के उम्मीदवारों से पुछ सकेंगे कि वर्तमान सरकार ने किसानों पर कितनी बार अन्याय किया, कितनी बार किसानों पर लाठीचार्ज किया, महिला पहलवानों को सड़क पर घसीटा गया। किसानों को कुचलने वाले के बेटे को भाजपा टिकट दे रही है। बेरोजगारी से परेशान युवा विदेश भाग रहे हैं।